प्रकाशित समाचार

दिनांक : रविवार,27 अगस्त,2023

पृष्ठ संख्या : 10

डेली हिन्दी मिलाप

DAILY HINDI MILAP

Hyderabad

गंड्डी मैसम्मा में अपर्णा सिनर्जी लांच

हैदराबाद, 26 अगस्त
(मिलाप ब्यूरो)

अपर्णा कंस्ट्रक्शन एंड इस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आज गंड्डी मैसम्मा में हाई-एंड अपार्टमेंट्स की उत्कृष्ट गेटेड कम्युनिटी अपर्णा सिनर्जी के लांच की घोषणा की।

आज यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अपर्णा सिनर्जी गेटेड कम्युनिटी 27.5 एकड़ भूमि में फैली हुई है। इसमें 1251 वर्ग मीटर से लेकर 2307 वर्ग फुट में 2, 2.5 और 3 बीएचके लेआउट वाले 3345 अपार्टमेंट का निर्माण होगा। अपर्णा कंस्ट्रक्शन ने अब तक 65 आवासीय परियोजनाओं का सफलतापूर्वक निर्माण किया है। अपर्णा कंस्ट्रक्शन अपनी नई परियोजना अपर्णा सिनर्जी में 2200 करोड़ रुपये का निवेश कर रहा है।

नई परियोजना के बारे में अपर्णा कंस्ट्रक्शन एंड इस्टेट्स के निदेशक सी. राकेश रेड्डी ने बताया कि हैदराबाद के केंद्र में एक उत्कृष्ट गेटेड कम्युनिटी हमारी नवीनतम उत्कृष्ट कृति- अपर्णा सिनर्जी को प्रस्तुत करते हुए अत्यंत गर्व हो रहा है। यह परियोजना हमारे सम्मानित निवासियों के लिए अद्वितीय जीवन अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाएगी। इस परियोजना में विचारशील कार्यान्वयन के साथ सामंजस्यपूर्ण एन्क्लेव बनाने की कल्पना करते हैं, जहां आधुनिकता के साथ शांति प्राप्त हो। अपर्णा सिनर्जी में सुंदरता व आरामदायक अपार्टमेंट्स का निर्माण किया जाएगा, जो पूर्ण रियल इस्टेट के परिदृश्य में नए मानक स्थापित करेगा। उन्होंने बताया कि इस परियोजना में 2200 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। साथ ही इस वित्तीय वर्ष में 6 आवासीय परियोजनाओं को लांच करेंगे।

अपर्णा कंस्ट्रक्शन्स के निदेशक सी. राकेश रेड्डी।

उन्होंने बताया कि अपर्णा सिनर्जी प्राकृतिक परिवेश में सुंदरता और आधुनिक कनेक्टेड, सुविधाजनक और शांति प्रिय संतुलन बनाए रखने के लिए एक अद्भुत योजना है, जो निवेशकों को अच्छा मूल्य प्रदान कर सकती है।

अपर्णा सिनर्जी हैदराबाद के मध्य में गंड्डी मैसम्मा दुंडिगल से ओआरआर एग्जिट 5 से 2 मिनट की दूरी पर, मेड़चल से ओआरआर एग्जिट 6 से 20 मिनट की दूरी पर, मियाँपुर से 30 मिनट की दूरी पर और हाईटेक सिटी से 40 मिनट की दूरी पर स्थित है। इस परियोजना में 24 घंटे पावर बैकअप, सुरक्षा व निगरानी नेटवर्क, जल आपूर्ति के साथ साइट पर एक सीवेज उपचार संयंत्र, जल उपचार संयंत्र और वर्षा जल संचयन प्रणाली बनाए रखती है। यह परियोजना संसाधन संरक्षण और स्थिरता पर लगातार ध्यान केंद्रित करते हुए दुनिया के सर्वोत्तम विकासों के अनुरूप कई सुविधाएँ प्रदान करती है। इस परियोजना के अपार्टमेंट इस प्रकार डिज़ाइन किए गए, जिससे हवादार शयनकक्ष, आकर्षक बैठने की जगह और नियोजित रसोईघर का निर्माण होगा। उत्कृष्ट प्राकृतिक प्रकाश, ऊर्जा और वायु प्रवाह विशेषताओं के साथ 100 प्रतिशत वास्तु डिज़ाइन किया गया है।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक अपर्णा सिनर्जी विशेष वातानुकूलित क्लब हाउस, मल्टीपर्पज हॉल, बैंक्वेट हॉल, कैफे/लाइब्रेरी लाउंज, प्रीव्यू थिएटर, एम्फी थिएटर, बैठने की सुविधा वाला प्लाजा, ज़ेन गार्डन, अरोमा गार्डन, ट्री कोर्ट, पेट पार्क, अर्बन फार्मिंग गार्डन और बारबेक्यू कॉर्नर के साथ पिकनिक कोर्ट आदि की सुविधा के साथ उपलब्ध कराया जाएगा। इस परियोजना में बैडमिंटन कोर्ट, स्क्वैश कोर्ट, टेनिस कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, बॉक्स क्रिकेट, स्केटिंग रिंग, एडवेंचर प्ले एरिया और क्लाइंब, आउटडोर जिम और फिटनेस पैड, स्पोर्ट्स लाउंज, जॉगिंग ट्रैक और बच्चों के खेल क्षेत्र के साथ इनडोर व अन्य सुविधाएँ भी शामिल हैं। यह पहल दुनिया भर में बेहतरीन विकास को टक्कर देने वाली सुविधाओं की एक श्रृंखला की पेशकश करने के लिए मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अपर्णा कंस्ट्रक्शन्स ने इस असाधारण परियोजना के साथ एक बार फिर अपने उल्लेखनीय आवासीय पोर्टफोलियो को बढ़ाया है।